कार्रवाई — पनपथा में घर के अन्दर घुसकर बाघ के हमले में महिला की मौत का मामला

# वन कर्मियों से मारपीट करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार


फोटो : फाईल


फोटो : फाईल

**चिल्हारी नवभारत 28 मई।** 24 मई को खेरवाटोला ग्राम पनपथा में घर के अन्दर बाघ के हमला करने से एक महिला की मृत्यु एवं तीन अन्य लोग घायल हो गये थे। उसी दौरान घायलों को अस्पताल पहुंचाने एवं घर के अन्दर घुसे बाघ के रेस्क्यू कार्यवाही के दौरान भीड़ में शामिल कुछ लोगों द्वारा वन विभाग के लोगों को जान से मारने के लिये भीड़ को उकसाया गया था।

भीड़ में शामिल कुछ लोगों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए वन विभाग के शासकीय कर्मचारियों पर हमला कर शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए दंगा कारित किया गया। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना इंदवार में पृथक-पृथक कुल 3 अपराध दर्ज कर विवेचना में लिये गये।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपियों में बिट्टू उर्फ प्रेमलाल पाल, लक्ष्मण पाल, राधे पाल, रवि तिवारी, द्वारिका उर्फ अजय सिंह, चन्द्रशेखर जायसवाल और धरमू पाल शामिल है।

### वीडियो रिकार्डिंग के आधार पर की गई आरोपियों की पहचान

आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु विवेचना के दौरान घटना के समय उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों के कथन एवं वीडियो रिकार्डिंग के आधार पर घटना में शामिल मुख्य आरोपियों की पहचान की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर धरपकड़ की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान घटना में शामिल कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम के प्रयास जारी है।

# दुकान में नि :शुल्क ठंडे पेयजल की व्यवस्था

भीषण गर्मी में प्रतिष्ठित व्यापारी बृजेश गुप्ता की सराहनीय पहल



**चिल्हारी नवभारत 28 मई।** जिले मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी निवासी व्यापारी प्रकोष्ठ मंडल संयोजक प्रतिष्ठित व्यापारी बृजेश गुप्ता अपनी दुकान उमेश किराना में इस भीषण गर्मी को देखते हुए नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था की और आने जाने वाले राहगीरों की शीतल जल प्यास बुझा रहा है।


भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में दुकान के बाहर लगाई गए 'निशुल्क प्याऊ' राहगीरों, मजदूरों और बेजुबानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह मानवीय पहल न केवल प्यास बुझाती है, बल्कि हमारी प्राचीन परोपकार की संस्कृति को भी जीवित रखती हैं। इन दिनों पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है, ऐसे में यह सुविधा लोगों के लिए महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल साबित हो रही है।

### प्याऊ नियमित रूप से संचालित किया जा रहा

प्रतिष्ठित व्यापारी बृजेश गुप्ता ने बताया कि बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जनसेवा की भावना से यह व्यवस्था शुरू की गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यह प्याऊ नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही, जिससे समस्त जन मानस को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

# नौतपा के चौथे दिन बाजार व सड़कों पर रहा सन्नाटा

भीषण गर्मी से लोग बेहाल, तापमान में मामूली गिरावट दर्ज, आम जनजीवन पर पड़ रहा प्रभाव




**नवभारत उमरिया 28 मई।** शहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर करीब 1 बजे जिला मुख्यालय की सड़कें लगभग सूनी दिखाई दी। लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में इस हल्की कमी के बावजूद उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पाई। गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर वाहन चलाना भी चुनौतीपूर्ण रहा।

### गमछा और टोपी के बिना बाहर निकलना मुश्किल

जिला मुख्यालय निवासी राजेंद्र ने भीषण गर्मी के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गमछा और टोपी के बिना बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, घर से कलेक्ट्रेट तक पहुंचने में ऐसा महसूस हुआ जैसे आग के बीच से होकर आ रहे हो। जिले में पिछले कई दिनों से तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है। 20 मई को अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री और न्यूनतम 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### सावधानी बरतने की अपील

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस चंदेल ने आमजन से हीट स्ट्रोक एवं गर्मी जनित बीमारियों से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। डॉ. चंदेल ने अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए तथा विशेष रूप से प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में जाने से परहेज करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अधिक मात्रा में पानी पीने एवं तरल पदार्थ युक्त भोजन का सेवन करने की सलाह दी।






# माहवारी स्वच्छता दिवस पर किशोरियों को किया जागरूक

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में कार्यक्रम आयोजित

**शहपुरा नवभारत 28 मई।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के सहयोग से गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुरा, जिला डिंडोरी में 'माहवारी स्वच्छता दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं समुदाय में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इससे जुड़े मिथकों और भ्रांतियों को दूर करना रहा।

कार्यक्रम में डॉ. अंकित वर्मा, बीसीएम रोशन रैदास, परामर्शदाता जाकिर खान, मास्टर ट्रेनर दीपक साहू एवं संगीता गौलिया सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सीएम राइज स्कूल के हेल्थ केयर की किशोरियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर साथिया, आशा कार्यकर्ता तथा सीएम राइज हेल्थकेयर की किशोरियां भी उपस्थित रहीं।

### रंगोली एवं पेंटिंग बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यक्रम के दौरान किशोरियों द्वारा माहवारी जागरूकता विषय पर रंगोली एवं पेंटिंग बनाकर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी संदेश दिए गए। साथ ही आयोजित जागरूकता सत्र में किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार लेने, सैनिटरी पैड के सही उपयोग एवं सुरक्षित निपटान की जानकारी दी गई।

### सामाजिक मिथकों एवं भ्रांतियों पर की चर्चा

विशेषज्ञों ने माहवारी से जुड़े सामाजिक मिथकों एवं भ्रांतियों पर चर्चा करते हुए किशोरियों को जागरूक किया तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को स्वयं जागरूक रहने एवं अन्य किशोरियों को भी माहवारी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## लक्ष्मण सागर तालाब की कराई गई सफाई कर दिलाया संकल्प

**नवभारत,कटनी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की टीम ने बिलहरी पहुंचकर, वहां के सबसे बड़े तालाब लक्ष्मण सागर को जल जागरुकता और जल स्त्रोतों की सफाई के लिए चुना । गांव वालों को इकट्ठा करके वहां की गंदगी जो कि जल को प्रदूषित कर रही थी, घाटों को गंदा कर रही थी, साफ सुथरा निर्मल बनाने में लग गए। सभी गांव वालों ने भरपूर सहयोग दिया। ग्राम वासियों ने संकल्प लिया कि लक्ष्मण सागर तालाब का जल गंगाजल के समान पवित्र बना कर ही रहेंगे । उन्होंने हर महीने इस तरह का बड़ा सफाई अभियान चलाने का संकल्प भी लिया । साफ - सफाई के पश्चात लोगों की एक गोष्ठी आयोजित की जिसमें साफ-सफाई का महत्व तथा अपने जल स्त्रोतों को किस तरह से साफ रखें । उसमें कचरा डालने वालों को किस तरह से मना करें व कचरे को जल में मिलने से किस तरह से बचाएं इस बात को समझाया गया। फिर गंगा जल के समान पवित्र जल की पूजा अर्चना की और लोगों को रोज सूर्य अर्घ देने की विधि प्रयोगिक रूप से लोगों को दिखाया और समझाया गया। लोगों को बताया कि आपकी साफ सफाई के बाद यह जल पहले जैसा हो जाएगा।



# चिलचिलाती धूप में सुरेश पंडा कर रहे अग्नि तप

मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेल्दी में जारी है तपस्या

**चिल्हारी नवभारत 28 मई।** अग्नि तपस्या या 'धूनी' साधना सनातन धर्म की एक अत्यंत कठोर आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसे साधक चिलचिलाती गर्मी जैसे नौतपा के दौरान और धधकती आग बीच बैठकर पूरा करते हैं।

ऐसा ही एक मामला उमरिया जिले मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेल्दी से आया है। अग्नि तपस्या में साधक सुरेश पंडा चिलचिलाती धूप (45-47 डिग्री तापमान) के बीच धधकते हुए अग्नि कुंड (धूनी) के बीच बैठकर कठोर साधना कर रहे है। यह शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद चरम साधना है।

### विश्व कल्याणार्थ तपस्या कर रहा हूं : पंडा

सुरेश पंडा ने कहा कि प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी सिद्ध महाराज, कुलदेवता व ग्राम देवता की प्रेरणा और आर्शीवाद से इस पुरूषोत्तम मास के नौतपा में जन-कल्याण, प्रकृति की रक्षा, गौ माता संरक्षण और विश्व कल्याणार्थ तपस्या कर रहा हूं। 26 मई से 3 जून तक यह कठिन तपस्या चलेगी। इस तपस्या को देखने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए आने लगे और ईश्वर की कृपा बता रहे।

### तेज धूप और अग्नि कुंड के सामने चार घंटे की कड़ी तपस्या

एक ओर प्रदेश का तापमान 47 डिग्री के पार हो चुका है, वहीं दूसरी ओर सुरेश पंडा तेज धूप में अग्नि कुंड में चार घंटे की कड़ी तपस्या में लीन हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंडा सुरेश सिद्धि प्राप्ति और क्षेत्र में सुख-चैन रहे इसके लिए तप कर रहे हैं। ग्रामीणों को भी अच्छा लग रहा है, वो भी बाबा की भक्ति में लीन हो गए हैं. इस दौरान बाबा शुद्ध जल से स्नान कर पूरे मंत्र उच्चारण के बाद तपस्या पर बैठ जाते हैं।

# बांधवगढ़ की महिला रेंजर को किया गया सम्मानित

टाइगर रिज़र्व के फील्ड डायरेक्टर ने किया पुरस्कृत



**चिल्हारी नवभारत 28 मई।** उमरिया जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के पतौर परिक्षेत्रधिकारी अंजू वर्मा को पार्क प्रबंधन ने सेवा के दौरान अदम्य साहस के लिए सम्मानित किया है।

24 मई को पनपथा बफर परिक्षेत्र के ग्राम खेरवा टोला में बाघ द्वारा घर में घुसकर एक महिला का शिकार करने एवं अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर परिक्षेत्र अधिकारी पतौर अंजू वर्मा अपने स्टाफ सहित तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं ताकि ग्राम पनपथा के खैरवा टोला में घायल व्यक्तियों को हॉस्पिटल भेजा जा सके तथा घर के अंदर मौजूद बाघ का रेस्क्यू करने में सहयोग प्रदान किया जा सके।

### अंजू वर्मा से अभद्रता व मारपीट की गई थी

घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष एकत्रित थे। स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण थी। इसी दौरान अचानक ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और मौके पर उपस्थित वनकर्मियों पर लाठी एवं पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में कई वनकर्मी घायल हो गए तथा उन्हें अपनी जान बचाकर वहां से हटना पड़ा। उग्र भीड़ ने परिक्षेत्र अधिकारी पतौर अंजू वर्मा को लगभग 4 से 5 घंटे तक घेरे रखा तथा उनके साथ अभद्रता एवं मारपीट भी की गई।

### उल्लेखनीय साहस का प्रदर्शन किया

अत्यंत विषम एवं जोखिमपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद अंजू वर्मा ने अदम्य साहस, धैर्य एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए ग्रामीणों से सतत संवाद बनाए रखा। उन्होंने प्रशासन एवं ग्रामीणों के मध्य सामंजस्य स्थापित कर स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही जनहानि स्थल पर मौजूद बाघ तथा स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उल्लेखनीय साहस का प्रदर्शन किया।

### 25,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अंजू वर्मा द्वारा प्रदर्शित साहस, ग्रामीणों से सतत संवाद, कर्तव्यनिष्ठा एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर द्वारा उन्हें 25,000 रुपये की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। बता दें अंजू वर्मा वर्ष 2016 बैच की रेंज ऑफिसर हैं। अपने सेवाकाल में उन्होंने खवासा रेंज तथा शाहगढ़ रेंज में सेवाएं प्रदान की हैं। वर्तमान में वे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र में पदस्थ हैं।

हिदायत — खाद्य सुरक्षा जांच में लापरवाही पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

# नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं



**नवभारत उमरिया 28 मई।** कलेक्टर राखी सहाय ने जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बढ़ती शिकायतों और खाद्य सुरक्षा विभाग की धीमी कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने साफशब्दों में कहा कि आम नागरिकों की सेहत से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मिलावटखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग और जांच की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पाया कि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से लिए जा रहे नमूनों की संख्या नगण्य है तथा कई मामलों में सैंपल फेल होने के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

### खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच की जाए

इस पर उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा के सुस्त रवैए पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जिले में प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक बार मोबाइल लैब पहुंचे और बाजारों, होटल, ढाबों, मिठाई दुकानों तथा किराना प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच की जाए।

### गर्मी में मिलावटी खाद्य पदार्थों से बीमारी का खतरा

कलेक्टर ने विशेष रूप से दूध, मावा, पनीर, मसाले, तेल, मिठाई, नमकीन और पैकेज्ड खाद्य सामग्री की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में खराब एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों से फूड पॉइजनिंग और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए जांच अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी।

### खाद्य नमूनों की रिपोर्ट तत्काल पेश करें

उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन खाद्य नमूनों की रिपोर्ट फेल आती है, उन प्रकरणों को तत्काल अपर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि दोषियों के खिलाफ जुर्माना, लाइसेंस निरस्तीकरण और कानूनी कार्रवाई की जा सके। साथ ही यह भी कहा कि केवल सैंपल लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट समय-समय पर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।

# शराब का अवैध निर्माण रोकने ग्रामीणों ने सम्हाला मोर्चा

खाजरी गांव के ग्रामीणों ने नष्ट किया महुआ लाहन



**नवभारत, कटनी।** जिले के खाजरी गांव में अवैध शराब के निर्माण से नाराज ग्रामीणों ने ठिकानों पर छापेमारी की। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर शराब बनाने के उपकरणों को तोड़ दिया और भारी मात्रा में कच्ची सामग्री नष्ट कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम खाजरी हार में लगातार हो रही शराब की बिक्री और निर्माण से स्थानीय निवासी लंबे समय से परेशान थे। काफी संख्या में एकत्रित होकर ग्रामीणों ने शराब माफिया के ठिकानों पर हमला बोला और वहां रखा लगभग 150 लीटर महुआ लहान मौके पर ही बहाकर नष्ट कर दिया। वहीं बाकल थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से महुआ लहान और शराब बनाने की सामग्रियों को नष्ट कराया है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। आरोप है कि अवैध शराब के कारण युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। सख्त कार्रवाई कर शराब के अवैध विक्रय पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग कीगई है।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ती **रेखा सरौते** पिता धन सिंह सरौत आयु 22 वर्ष, जाति गोंड निवासी वार्ड नम्बर 07 डिण्डौरी थाना, तह. व जिला डिण्डौरी (म0प्र0) पते का स्थाई निवासी हूँ। यह कि मुझ शपथकर्ती का वास्तविक नाम रेखा सरौत है। जो कि मुझ शपथकर्ता की कक्षा दसवीं की अंकसूची में एवं अन्य दस्तावेजों मे अंकित है। जो कि सत्य व सही है। यह कि मुझ शपथकर्ती के आधार कार्ड में त्रुटिवश मुझ शपथकर्ती का नाम रेखा बर्मन अंकित कर दिया गया है जो कि गलत है। अतः शपथकर्ती के आधार कार्ड में दर्ज नाम रेखा बर्मन के स्थान पर सही रेखा सरौत दर्ज करवाना चाहती हूँ। जिस वास्ते स्वयं का शपथ पत्र एवं सूचना का प्रकाशन करवा रही हूं।

**स्थान- डिण्डौरी**
**दिनांक :- 27/06/2026**

भवदीय/शपथकर्ती
**रेखा सरौते**